-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 10.01.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा कचहरी चौराहे पर भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी के छात्राओं के साथ लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक कर दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रुप से हेलमेट का प्रयोग करने के लिए किया गया प्रेरित।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में होने वाली दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने तथा यातायात नियमों के प्रति आम-जनमानस को जागरुक करने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 10.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा कचहरी चौराहे पर भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी के छात्राओं के साथ आम जनमानस को दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रुप से हेलमेट लगाने के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया। साथ ही अपने-अपने परिवार तथा आस-पास के लोगों को भी जागरुक करने के लिये प्रेरित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक जनपद बांदा द्वारा बताया गया कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिये नियमों का पालन करना अति आवश्यक है। हर व्यक्ति को नियमों का पालन करते हुए दुर्घटना में कमी लाने का प्रयास करना चाहिए। नशे की हालत में वाहन नहीं चलाना चाहिये तथा दोपहिया वाहन पर एक वक्त में दो लोगों को ही सवार होना चाहिये। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री अव्यक्त राम तिवारी, परिवहन विभाग से पीटीओ श्री रामसुमेर यादव, मण्डलीय मास्टर ट्रेनर सड़क सुरक्षा चित्रकूटधाम मण्डल श्री पीयूष मिश्र, यातायात निरीक्षक श्री राजेश चन्द्र मिश्र आदि मौजूद रहे।